## संपादकीय

# भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि समय आ गया है कि अपराध करने के बाद देश फरार भगोड़ों को पकडऩे और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करे।

केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल लॉन्च करते हुए शाह ने कहा कि इससे देश की हर जांच एजेंसी और पुलिस बल सरलता से इंटरपोल के साथ जुड़ कर जांच को रफ्तार दे सकेगा।

मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नये आपराधिक कानूनों में आरोपियों की अनुपस्थिति में ट्रायल के प्रावधान को जोडऩे की चर्चा करते हुए उन्होंने हथियारों और मादक पदाथरे व मानव तस्करी और सीमापार होने वाले आतंकवाद के खिलाफ नई व्यवस्था को सहायक बताया।

भारतपोल के पांच प्रमुख प्रारूप कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, रेफरेंस, ब्राडकास्ट और रिसोर्स के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजसियों के लिए तकनीकि रूप से मददगार साबित होने की उम्मीद है। इसके 195 देशों के इंटरपोल से ब्राडकास्ट के जरिए सीधा जुडऩे से दस्तावेज और जरूरी जानकारियों का लेन-देन आसान हो जाएगा।

इसकी विशेषता रिअल टाइम इंटरफेस भी है जो सीधा संवाद स्थापित करेगी। अब तक सीबीआई, आईएओ और यूओ के बीच संचार ई-मेल तथा फैक्स द्वारा ही संभव था। अंतरराष्ट्रीय डाटा सुरक्षित रखने, रेडकॉर्नर नोटिस और अन्य कानूनी नोटिसों के आदान-प्रदान में सहूलियत के साथ ही इंटरपोल के उन्नीस प्रकार के डाटाबेस का विश्लेषण तथा अपराधियों को पकडऩे की व्यवस्था हो सकेगी।

भगोड़े अपराधियों को देश वापस लाने में सरकार को लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं जिससे न केवल देशवासियों के समक्ष, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भी कानूनी पकड़ और न्याय-व्यवस्था को लेकर सवालिया निशान लगते रहते हैं। कड़े कानूनों का लाभ तभी है, जब विदेश में छिपे घोषित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें सजाएं दी जा सकें।

भगोड़ों को पकड़ कर देश वापस लाने के मोदी सरकार के दावों की लंबे समय से फजीहत होती रही है। तय रूप से शाह इस स्थिति से निकलने के प्रति गंभीर होंगे। बेहतरीन होती विदेश नीति का फायदा लेते हुए सरकार को उच्च तकनीक के मार्फत दुनिया भर के भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने में आसानी होगी।

हैकर्स और जालसाजों द्वारा अति गोपनीय जानकारी में सेंध लगाने की गुंजाइश पर भी नजर रखी जा सकेगी।

# भारत ने इंग्लैंड को चटाई धूल, 7 विकेट से हराया, अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी

**कोलकाता**



भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए टी20 मैच में इंग्लैंड को 7 विकेट से हरा दिया है. टीम इंडिया के लिए अभिषेक शर्मा ने विस्फोटक प्रदर्शन किया. उन्होंने 79 रनों की पारी खेली. भारत ने इस जीत के साथ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है. टीम इंडिया के लिए वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह ने घातक गेंदबाजी की. अक्षर पटेल ने भी कमाल दिखाया.

इंग्लैंड के दिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ओपनिंग करने आए. इस दौरान सैमसन 26 रन बनाकर आउट हुए. उन्होंने 20 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौके और 1 छक्का लगाया. कप्तान सूर्यकुमार यादव खाता तक नहीं खोल पाए. उन्हें जोफ्रा आर्चर ने जीरो पर आउट किया. अभिषेक ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए 79 रनों की पारी खेली. तिलक वर्मा 19 रन बनाकर नाबाद रहे. हार्दिक पांड्या 3 रन बनाकर नाबाद रहे. भारत ने 12.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया.

अभिषेक शर्मा ने भारत के लिए मैच विनिंग पारी खेली. उन्होंने महज 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया. अभिषेक ने 34 गेंदों का सामना करते हुए 79 रन बनाए. उन्होंने 5 चौके और 8 छक्के लगाए.

आर्चर ने इंग्लैंड के लिए अच्छी बॉलिंग की. उन्होंने 4 ओवरों में 21 रन देकर 2 विकेट लिए. आदिल रशीद को भी एक सफलता हाथ लगी. उन्होंने 2 ओवरों में 27 रन दिए. इनके अलावा किसी को विकेट नहीं मिला.

इंग्लैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में ऑल आउट होने के साथ 132 रन बनाए. टीम की शुरुआत बेहद खराब हुई थी. ओपनर फिल साल्ट जीरो पर आउट हुए. जबकि बेन डकेट 4 रन बनाकर आउट हुए. लेकिन जोस बटलर ने पारी को संभाले रखा. उन्होंने अर्धशतक लगाया. बटलर ने 44 गेंदों में 68 रन बनाए. इस दौरान 8 चौके और 2 छक्के लगाए. हैरी ब्रूक ने 17 रनों का योगदान दिया. इनके अलावा कोई भी बैटर कुछ खास नहीं कर सका. आर्चर 12 रन और आदिल रशीद ने 8 रन का योगदान दिया.

टीम इंडिया के गेंदबाज कोलकाता में खूब चमके. वरुण चक्रवर्ती ने 4 ओवरों में 23 रन दिए और 3 विकेट लिए. अर्शदीप सिंह ने 4 ओवरों में 17 रन देकर 2 विकेट लिए. अक्षर पटेल ने 4 ओवरों में 22 रन देकर 2 विकेट लिए. उन्होंने एक मेडन ओवर निकाला. हार्दिक पांड्या को भी 2 विकेट मिले.

अर्शदीप सिंह ने कोलकाता में 2 विकेट लेकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया. वे भारत के लिए सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए. उन्होंने अभी तक 97 विकेट लिए हैं. इस मामले में युजवेंद्र चहल समेत कई दिग्गज पीछे छूट गए.

# महिला एचआईएल: सूरमा हॉकी क्लब फाइनल से एक कदम दूर

**रांची**



जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें शुक्रवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ कम से कम एक अंक हासिल करना होगा।

मुख्य कोच जूड मेनेजेस ने मैच से पहले कहा,इस पूरे अभियान के लिए हमारा दृष्टिकोण यह रहा है कि हम हर मैच जीतना चाहते हैं। इसलिए, हम अब केवल श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह इस स्तर पर हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण मैच है, इसलिए हम एक-एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं और उस मैच के बाद, हम आगे देखते हैं कि हमें क्या करना है। हमें अभी भी अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना है।

सूरमा लीग में शानदार प्रदर्शन कर रही है। वे पूल चरण में अंतिम मैच से पहले 10 अंक अर्जित करने के लिए तीन जीत और एक ड्रॉ हासिल करके तालिका में शीर्ष पर हैं। सोनम ने शानदार फॉर्म में रहते हुए सूरमा के लिए पांच मैचों में चार गोल किए हैं, जबकि चार्लोट एंगलबर्ट ने दो गोल किए हैं। हालाँकि, उनके सभी 11 गोल ओपन प्ले से आए हैं, जिसमें टीमें लीग भर में पेनल्टी कॉर्नर को भुनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

उन्होंने समझाया, हम शुरुआती जाल से जूझ रहे हैं। मुझे लगता है कि अधिकांश टीमें इससे जूझ रही हैं क्योंकि अगर आप आसपास की अन्य टीमों को भी देखें, तो बहुत अधिक पेनल्टी कॉर्नर नहीं बनाए गए हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि हमें इस पर काम करते रहना चाहिए और उम्मीद है कि हम वास्तव में वहां से कुछ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन हम अपने फॉरवर्ड के मामले में बहुत मजबूत इकाई हैं और हमारा डिफेंस भी काफी कॉम्पैक्ट और मजबूत है।

## शेयर बाजार हरे निशान में खुला, मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ खुला। बाजार के ज्यादातर सूचकांकों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। सुबह 9:45 पर सेंसेक्स 115 अंक या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,555 और निफ्टी 37 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,193 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अधिक खरीदारी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 592 अंक या 1.12 प्रतिशत बढक़र 53,705 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 160 अंक या 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,332 पर है। आईटी शेयर बाजार को लीड कर रहे हैं। निफ्टी आईटी इंडेक्स 845 अंक या 1.96 प्रतिशत बढक़र 43,424 पर था। इसके अलावा ऑटो, फार्मा, रियल्टी और मीडिया इंडेक्स में आधा प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ कारोबार हो रहा है।

सेंसेक्स में जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, बजाजा फिनसर्व, इन्फोसिस, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टीसीएस टॉप गेनर्स थे। एचयूएल, नेस्ले, एसबीआई, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप लूजर्स थे।

## आरसीबी को आईपीएल 2025 से पहले बड़ा झटका, 23 करोड़ की तिकड़ी रही फ्लॉप

**नईदिल्ली**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल की एक ऐसी टीम है जो अब तक कभी चैंपियन नहीं बन पाई. टीम ने कई बार फाइनल में जगह बनाई, लेकिन हर बार हार का सामना करना पड़ा. पिछले सीजन में पहले सात मैचों में टीम का प्रदर्शन बहुत खराब था, लेकिन फिर उन्होंने जोरदार वापसी की और प्लेऑफ में जगह बनाई. हालांकि, एलिमिनेटर में हार गई. अब नए सीजन से पहले आरसीबी ने अपनी टीम को और मजबूत करने की पूरी कोशिश की है. लेकिन भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टी-20 मैच के बाद आरसीबी के फैंस को एक बड़ा झटका लगा.

इस मैच में आरसीबी ने इंग्लैंड के तीन खिलाडिय़ों पर भरोसा दिखाया था और उन्हें खरीदने के लिए बहुत पैसा खर्च किया था. इन तीन खिलाडिय़ों में फिल साल्ट, लियाम लिविंगस्टोन और जैकब बेथेल थे. आरसीबी ने इन तीनों को खरीदने के लिए कुल 23 करोड़ रुपये खर्च किए थे. लेकिन जब भारत के खिलाफ पहला टी-20 मैच हुआ, तो ये तीनों खिलाड़ी बिल्कुल फ्लॉप हो गए.

आरसीबी ने फिल साल्ट को 11.50 करोड़ रुपये में खरीदा था. पिछले सीजन में साल्ट ने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए शानदार खेल दिखाया था. उन्होंने 12 मैचों में लगभग 40 की औसत और 182 की स्ट्राइक रेट के साथ 435 रन बनाए थे. लेकिन भारत के खिलाफ पहले टी-20 मैच में वह कुछ खास नहीं कर पाए और दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके. इस वजह से आरसीबी के फैंस को काफी निराशा हुई.

लियाम लिविंगस्टोन को आरसीबी ने 8.75 करोड़ रुपये में खरीदा था. वह पिछले सीजन में पंजाब किंग्स के लिए संघर्ष कर रहे थे और इस बार भी उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा. इसके अलावा, इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल को आरसीबी ने 2.60 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन वह भी भारत के खिलाफ पहले टी-20 मैच में फ्लॉप रहे.

# भारत में लोग खरीद रहे बड़े फ्लैट, 2024 में औसत साइज 8 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई**



भारत में अब लोग पहले के मुकाबले बड़ा फ्लैट खरीदना पसंद कर रहे हैं। दरअसल, 2024 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 8 प्रतिशत बढक़र 1,540 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि 2023 में 1,420 स्क्वायर फीट था। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

एनारॉक ग्रुप ने कहा कि 2024 में नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में औसत फ्लैट साइज 29 प्रतिशत बढक़र 2,435 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि 2023 में 1,890 स्क्वायर फीट था। इसकी वजह लग्जरी घरों की आपूर्ति बढऩा है।

रिपोर्ट में बताया गया कि 2019 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 1,145 स्क्वायर फीट था। इसमें पिछले छह वर्षों में 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी के अनुसार, यह उछाल मुख्य रूप से पिछले एक साल में एनसीआर में नए लग्जरी हाउसिंग सप्लाई में हुई बढ़ोतरी के कारण है।

उन्होंने आगे कहा, यहां के डेवलपर्स मांग पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और उसके मुताबिक प्रोडक्ट्स तैयार कर रहे हैं। यही वजह है कि एनसीआर में 1.5 करोड़ रुपये और उससे ज्यादा कीमत वाले घरों में नई आपूर्ति में वृद्धि देखी गई है।

2023 में लॉन्च की गई कुल 36,735 इकाइयों में से,लग्जरी सेगमेंट की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी। 2024 में एनसीआर में लॉन्च की गई 53,000 इकाइयों में से इस सेगमेंट की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत थी।

2019 में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में औसत फ्लैट का आकार 784 स्क्वायर फीट था और 2024 में 8 प्रतिशत बढक़र 849 स्क्वायर फीट हो गया। 2020 के बाद एमएमआर में औसत आकार 2024 में सबसे अधिक 849 स्क्वायर फीट था।

अन्य दक्षिणी शहरों जैसे चेन्नई और बेंगलुरु में औसत फ्लैट का आकार 2024 में क्रमश: 1,445 और 1,660 स्क्वायर फीट था। कोलकाता का औसत फ्लैट आकार 1,149 स्क्वायर फीट था जबकि पुणे में यह 2024 में 1,135 स्क्वायर फीट था।

# एनएसई पर यूनिक इन्वेस्टर्स की संख्या पहली बार 11 करोड़ के पार

**मुंबई**




नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को ऐलान किया कि एक्सचेंज पर यूनिक इन्वेस्टर्स (यूनिक पैन) की संख्या पहली बार 11 करोड़ को पार कर गई है। इसके साथ ही कुल क्लाइंट अकाउंट की संख्या 21 करोड़ से अधिक हो गई है।

भारत में शेयर बाजार का चलन बढऩे के कारण बीते कुछ वर्षों में एनएसई पर निवेशकों की संख्या में बड़ा उछाल देखने को मिला है और यह पांच साल में 3.6 गुना हो गई है।

1994 में एनएसई के ऑपरेशन शुरू होने के बाद एक करोड़ यूनिक इन्वेस्टर होने में करीब 14 वर्ष का समय लगा था, लेकिन इसके बाद अगले एक करोड़ नए इन्वेस्टर्स आने में सात वर्ष और अगले एक करोड़ इन्वेस्टर्स और जुडऩे में 3.5 वर्ष और फिर अगले करोड़ इन्वेस्टर्स जुडऩे में एक वर्ष से अधिक का समय लगा था।

एनएसई ने नोट में कहा कि यूनिक इन्वेस्टर्स की संख्या में पिछले कुछ समय में काफी बढ़ोतरी हुई है। 6 से 7 महीने में अतिरिक्त 1 करोड़ निवेशक जुड़े हैं। वहीं, आखिरी एक करोड़ इन्वेस्टर्स पिछले पांच महीने में आए हैं, जो बाजार में बढ़ती इन्वेस्टर्स की भागीदारी को दिखाता है।

एक्सचेंज के मुताबिक, बीते पांच महीनों से प्रतिदिन करीब 47,000 से लेकर 73,000 के बीच में यूनिक इन्वेस्टर्स के पंजीकरण हो रहे हैं। इसका कारण वित्तीय सेवाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, डिजिटलाइजेशन बढऩा और शेयर बाजार का मजबूत प्रदर्शन है।

2024 में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 8.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया, जबकि निफ्टी 500 इंडेक्स में 15.2 प्रतिशत की बढ़ हुई थी।

भारतीय बाजारों में इन्वेस्टर्स को पिछले नौ लगातार वर्षों से सकारात्मक रिटर्न मिला है।

दिसंबर 2024 को समाप्त होने वाली पांच साल की अवधि में निफ्टी 50 और निफ्टी 500 ने क्रमश: 14.2 प्रतिशत और 17.8 प्रतिशत का वार्षिक रिटर्न दिया है, जिससे निवेशकों का विश्वास और बढ़ा है।

## मुंबई में ठिकाना ढूंढने भटक रही यामिनी मल्होत्रा, सोशल मीडिया पोस्ट में बयां किया अपना दर्द



बिग बॉस 18 की कंटेस्टेंट रहीं यामिनी मल्होत्रा इन दिनों मुंबई में रहने के लिए घर की तलाश कर रही हैं। यामिनी दिल्ली से मुंबई शिफ्ट होना चाहती हैं लेकिन उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर बताया है कि उन्हें कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, बिग बॉस 18 के बाद यामिनी अब मुंबई में रहना चाहती हैं लेकिन उन्हें रहने के लिए छत नहीं मिल रही है। वह पिछले कई दिनों से घर की तलाश कर रही हैं लेकिन कोई भी उन्हें अपने घर में किराए पर रहने नहीं दे रहा है। इन सब चीजों से परेशान होकर यामिनी ने अब सोशल मीडिया का सहारा लिया है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया है कि उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यामिनी ने सोशल मीडिया पर जो तस्वीर जारी की है उसमें उन्होंने लिखा है कि उन्हें कुछ ऐसा शेयर करना पड़ रहा है जो उनके लिए काफी निराशाजनक रहा है। यामिनी ने लिखा- जितना मैं मुंबई से प्यार करती हूं, यहां फ्लैट मिलना उतना ही मुश्किल होता जा रहा है। मुझसे सवाल पूछे जा रहे हैं कि मैं हिंदू हूं या मुसलमान, गुजराती हूं या मारवाड़ी।

जैसे ही लोगों को पता चलता है कि मैं एक्ट्रेस हूं, वे सीधे मना कर देते हैं। यामिनी ने आगे एक सवाल लिखा कि क्या एक्टर होने के नाते मैं घर खरीदने के लायक नहीं हूं। यह बहुत ही आश्चर्यजनक बात है कि साल 2025 में भी लोग आपसे ऐसे सवाल पूछते हैं।

## अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स का नया गाना तू है तो मैं हूं हुआ रिलीज




अक्षय कुमार पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर चर्चा में ने हुए हैं। उन्होंने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा है। अब अक्षय को स्काई फोर्स से बड़ी उम्मीदें हैं।

देशभक्ति से भरपूर फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, वहीं अब निर्माताओं ने स्काई फोर्स का नया गाना तू है तो मैं हूं जारी कर दिया है।

इस गाने को अरिजीत सिंह और अफसाना खान ने मिलकर गाया है।

तू है तो मैं हूं गाने में वीर पहाडिय़ा और सारा अली खान की खूबसूरत जोड़ी देखने को मिल रही है।

वीर अपने जुनूनी अवतार से पाकिस्तान की ईंट से ईंट बजाने के लिए तैयार हैं। सारा फिल्म में उनकी पत्नी की भूमिका में हैं। फिल्म में निमरत कौर भी अहम भूमिका में हैं।

## दीपिका पादुकोण की फिल्म पद्मावत सिनेमाघरों में फिर हो रही रिलीज, खिलजी के अवतार में दोबारा दिखेगा रणवीर सिंह का दम



संजय लीला भंसाली की फिल्मों की बात कुछ अलग होती है। उनकी मूवीज में एक्टर के साथ सीन में नजर आ रहा हर एलिमेंट एक अलग कहानी कह रहा होता है। भंसाली अपने ग्रैंड सेट्स के लिए भी काफी मशहूर हैं। ऐसी ही एक फिल्म अब सिनेमाघरों में पहुंचने वाली है जिसका नाम पद्मावत है। इसे पहली रिलीज के 7 साल बाद इसे फिर से सिल्वर स्क्रीन पर उतारा जा रहा है।

वॉयकॉम 18 स्टूडियो और भंसाली प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में पीरियड ड्रामा फिल्म का पोस्टर शेयर कर उसकी री-रिलीज का ऐलान किया गया है। वॉयकॉम 18 स्टूडियो के मुताबिक, पद्मावत फिल्म 24 जनवरी 2025 को फिर से बड़े पर्दे पर रिलीज की जाने वाली है। फिल्म को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं और कमेंट में जमकर अपने रिएक्शन दे रहे हैं।

पद्मावत की टक्कर की अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स ने होने वाली है। 2018 में जब पद्मावत रिलीज हुई तो इसने हर तरफ तहलका मचा दिया था। फिल्म की कहानी और शानदार एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती के रोल में काफी बढिय़ा काम किया था।

वहीं रणवीर सिंह ने खिलजी के किरदार में डर और जुनून के साथ हर किसी को हैरान कर दिया था। फिल्म की कहानी और संजय लीला भंसाली के निर्देशन ने फिल्म को सफल बनाने में बड़ा योगदान दिया था।

दीपिका पादुकोण की पद्मावत का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया था। उस समय फिल्म रिलीज को लेकर काफी बवाल भी मचा था। विवाद इतना हुआ था कि इसके नाम तक में बदलाव किए गए थे। यह साल 2018 की बड़ी हिट में से एक थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस दौरान फिल्म को राजस्थान में बैन कर दिया गया था।


## शब्द सामर्थ्य- 306

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 305 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 306

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.305 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों को बड़ा सरप्राइज मिल सकता है। आज कुछ लोग आपके काम में मदद कर सकते हैं। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यात्रा लाभदायक रहेगी। बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिलकर अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे।

**मिथुन :** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा, आप किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर मिलेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी कविता लोगों को काफी पसंद आएगी।

**सिंह :** आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको मनपसंद काम दिया जा सकता है, काम करने में मन लगा रहेगा। आपसे एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। इस राशि के लोगों की नौकरी में प्रमोशन के साथ ही... इनकम बढऩे के भी चांस नजर आ रहे हैं।

**कन्या :** आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे, आप खुद भी अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर पर जाने का अच्छा मौका है, किसी रेस्टोरेंट जयेंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपके सभी काम समय से पूरे होंगे, ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं जिससे परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। काम की गति बनी रहेगी.... आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके रिश्ते की बात घर पर चल सकती है.... घर का माहौल अच्छा रहेगा।

**मकर :** आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लायेगा। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे..... लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा।

**कुंभ :** आज का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है... आप उनसे अपनी निजी समस्या शेयर कर सकते हैं। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आपको मदद मिलेगी।

**मीन :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। दिनभर मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको किस्मत का साथ मिलेगा।